Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## सितंबर भाग-2 2022


Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    1. राष्ट्रीय विद्युत गतिशीलता मिशन योजना (NEMMP) केवल पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देती है
    2. इलेक्ट्रिक वाहनों का तेज़ी से अंगीकरण और विनिर्माण NEMMP 2020 का एक हिस्सा है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

2. 'वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) 2022' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जारी की है।
    2. एफएसआर का अनुमान है कि भारत में व्यापक आर्थिक वातावरण बिगड़ने के कारण बैड लोन बढ़ सकते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. शैलो वाटर माइनिंग 200 मीटर से कम गहराई पर होती है।
    2. धातुओं और खनिजों के निष्कर्षण के लिये इसे निम्न जोखिम और अल्प लागत वाला विकल्प माना जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

4. इंडिया डिस्क्रिमिनेशन रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है?

    A. नीति आयोग
    B. विश्व मुद्रा कोष
    C. विश्व बैंक
    D. ऑक्सफैम इंडिया

5. ब्रू समुदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:.

    1. ब्रू या रियांग पूर्वोत्तर भारत का एक स्थानीय समुदाय है, जो ज़्यादातर त्रिपुरा, मिज़ोरम और असम में रहते हैं।
    2. मिज़ोरम में उन्हें विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

6. यूथनेशिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सक्रिय यूथनेशिया में रोगी या परिवार के किसी सदस्य या रोगी का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी करीबी दोस्त की सहमति से जीवन रक्षक उपचार रोक दिया जाता है।
2. भारत में निष्क्रिय यूथेनेशिया कानूनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. 2 केवल
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित में से कौन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थी है/हैं:

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित लोग
2. मुक्त हुए बंधुआ मजदूर
3. भूतपूर्व सैनिक और अर्द्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त सदस्य
4. विकलांग व्यक्ति और अल्पसंख्यक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

8. "केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के तहत कार्यरत एक वैधानिक प्राधिकरण है।
2. इसकी स्थापना 1961 में केंद्रीय राजस्व बोर्ड के विभाजन के कारण हुई थी।
3. इसमें एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

9. भारत निम्नलिखित में से किसका सदस्य है?

1. एशिया - प्रशांत महासागरीय आर्थिक सहयोग
2. शंघाई सहयोग संगठन
3. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन
4. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. केवल 2, 3 और 4

**नोट :**

10. एशियाई कराकल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे ज़्यादातर दक्षिणी भारतीय राज्यों जैसे तमिलनाडु आदि में पाए जाते हैं।
2. वे भारत में प्रचुर मात्रा में हैं।
3. वे IUCN रेड लिस्ट की 'कम चिंताजनक' श्रेणी में हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

11. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र की अब तक की एकमात्र संधि है जिसे पृथ्वी के प्रत्येक देश द्वारा अनुसमर्थित किया गया है।
2. प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का उद्देश्य हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs) की उत्पत्ति और खपत में धीरे-धीरे कमी लाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित आसियान देशों को पश्चिम से पूर्व की ओर व्यवस्थित कीजिये:

1. ब्रुनेई
2. कम्बोडिया
3. फ़िलिपींस
4. लाओस
5. वियतनाम
6. म्याँमार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 6-4-2-5-1-3
B. 3-2-4-6-1-5
C. 1-3-4-6-5-2
D. 1-2-6-5-4-3

13. इंस्पायर पुरस्कार – मानक निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. छात्रों को भविष्य के नवोन्मेषक और महत्त्वपूर्ण विचारक बनने हेतु प्रेरित करना
B. स्मार्ट सिटी प्रतियोगिता
C. भारत के प्रत्येक ज़िले में 100% कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त करना
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

14 ओज़ोन परत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओज़ोन का 90% प्राकृतिक रूप से थर्मोस्फीयर में होता है।
2. मिथाइल ब्रोमाइड एक ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थ (ODS) है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना मानसून को प्रभावित करती है ?

1. हिंद महासागर द्विध्रुवीय
2. अल नीनो
3. तीव्र ला लीना

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. एशियाई विकास बैंक (ADB) और भारत सरकार ने गंगा नदी को साफ करने के लिये ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. जल जीवन मिशन का उद्देश्य गंगा नदी की सफाई करना है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. घरेलू अपशिष्ट ऊर्जा का एक पारंपरिक स्रोत है।
2. भारत दुनिया का पाँचवाँ सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. 2 केवल

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक गैर-सांविधिक निकाय है जिसकी प्रकृति अर्द्ध-न्यायिक होती है।
2. इसका गठन विद्युत नियामक आयोग अधिनियम, 1998 के तहत किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

19. लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा विकसित किया गया है?

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

B. विश्व बैंक

C. नीति आयोग

D. वाणिज्य मंत्रालय (भारत)

20. "ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सार्वजनिक बहीखाता का एक रूप है जिसे देखा जा सकता है लेकिन किसी एकल उपयोगकर्त्ता द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।

2. ब्लॉकचेन की संरचना और डिज़ाइन ऐसी है कि इसमें मौजूद सारा डेटा सिर्फ क्रिप्टोकरेंसी के बारे में ही होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (AIBD) की स्थापना यूनेस्को के तत्त्वावधान में की गई थी।

2. इसका मूल उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक जीवंत और संगठित प्रिंट मीडिया प्राप्त करना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में बंदूक लाइसेंस प्राप्त करने के लिये आवश्यक न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

2. शीर्ष स्तर पर बंदूक लाइसेंस का प्रशासन गृह मंत्रालय के दायरे में आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

23. "भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल दिवाला पेशेवरों और दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों पर नियामक निगरानी रखता है।

2. इसके पास प्रत्येक मामले में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत दीवानी अदालत के समान अधिकार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

24. पूसा बायो-डीकंपोज़र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह विघटित कचरे को इथेनॉल में परिवर्तित करता है।
3. यह पर्यावरण के अनुकूल और उपयोगी तकनीक है और स्वच्छ भारत मिशन को प्राप्त करने में योगदान देगी।
4. यह पराली को इस सीमा तक परिवर्तित करता है कि इसे आसानी से खेत में मिट्टी के साथ मिलाकर उर्वरक के रूप में कार्य किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

25. मनरेगा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केवल गरीबी रेखा से नीचे (BPL) परिवारों के वयस्क सदस्य योजना के तहत पात्र हैं।
2. मनरेगा के तहत सभी परियोजनाओं कासामाजिक लेखा परीक्षा होना चाहिये।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

व्याख्या:

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय आयुष मिशन (NAM) आयुष मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ICJ के न्यायाधीशों को नौ वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।
2. ICJ के न्यायाधीशों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. इबोला वायरस रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीनस इबोलावायरस के अंदर वायरस के एक समूह के संक्रमण के कारण होता है।
2. इस रोग में मानव से मानव में संचरण संभव नहीं है।
3. फ्रूट बैट' टेरोपोडीडेई परिवार से संबंधित है जो वायरस के प्राकृतिक वाहक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

29. 'अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है।
2. वर्ष 2022 के लिये इस दिवस की थीम- 'नस्लवाद का अंत, शांति की स्थापना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. "पूँजी पर्याप्तता अनुपात (CAR)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पूँजी-से-जोखिम भारित संपत्ति अनुपात के रूप में भी जाना जाता है।
2. यह घाटे को अवशोषित करने के लिये बैंकों की क्षमता का आकलन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. हृदय रोग, गैर-संक्रामक रोग नहीं हैं।
2. कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) का एक हिस्सा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

32. निम्नलिखित में से किसका उपयोग क्लाउड सीडिंग एजेंट के रूप में नहीं किया जाता है?

A. सिल्वर आयोडाइड एरोसोल

B. तरल नाइट्रोजन

C. पोटेशियम आयोडाइड

D. तरल प्रोपेन

33. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **अंतरिक्ष यान** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| 1. | आर्टेमिस | शुक्र का अध्ययन करना |
| 2. | कैसिनी- ह्युजेन्स | शनि और उसके चंद्रमा का अध्ययन करना |
| 3. | क्यूरियोसिटी | बाहरी सौर मंडल का अन्वेषण करना |
| 4. | वॉयजर | बुध का मानचित्रण और अन्वेषण |

**नोट :**

उपर्युक्त कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. सभी चार युग्म

34. "ब्रह्मोस मिसाइल" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तीन चरणों वाली मिसाइल है।
2. यह "फायर एंड फॉरगेट्स" सिद्धांत पर काम करती है।
3. इसका नाम भारत और रूस की नदियों के नाम पर रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

35. ड्वोरक तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के विकास और क्षय के अवधारणा मॉडल पर आधारित एक क्लाउड पैटर्न रिकग्निशन तकनीक (CPRT) है।
2. इस पद्धति में ध्रुवीय परिक्रमा करने वाले उपग्रहों से प्राप्त उपलब्ध उपग्रह छवियों का उपयोग उष्णकटिबंधीय चक्रवात की विशेषताओं की जाँच के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. TRAI के अध्यक्ष और अन्य सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक अपने पद पर बने रहेंगे।
2. अध्यक्ष (या बैठक की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति) मतों की समानता की स्थिति में दूसरा या निर्णायक मत देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्वाड (QUAD) का उद्देश्य दक्षिण चीन सागर को "मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध" सुनिश्चित करना और उसका समर्थन करना है।
2. QUAD और संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के बीच मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) साझेदारी पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. "सामुदायिक वन संसाधन अधिकार" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये अधिकार समुदाय को वनों के उपयोग के लिये स्वयं नियम बनाने की अनुमति देते हैं।
2. एक बार CFRR को किसी समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त हो जाने के बाद ग्राम सभा वनों के प्रबंधन के लिये नोडल निकाय बन जाती है।
3. मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है जिसने राष्ट्रीय उद्यान के अंदर CFRR अधिकारों को मान्यता दी है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

39. . पर्यावरण के लिये जीवनशैली (LiFE) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान पेश किया गया था।
2. इसका उद्देश्य 'विवेकहीन और फिजूलखर्ची' के बजाय पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देना है।
3. मिशन की योजना व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित में से कौन-से देश G-4 का हिस्सा नहीं है?

1. ब्राज़ील
2. जापान
3. फ्राँस
4. कनाडा
5. जर्मनी
6. भारत

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 5
B. केवल 3, 4 और 5
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1 और 6

41. 'पंचतीर्थ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पंचतीर्थ को अंबेडकर सर्किट के नाम से भी जाना जाता है।
2. महापरिनिर्वाण भूमि पंचतीर्थ के पाँच पर्यटन स्थलों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

42. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. दोहरा क्षुद्रग्रह पुनर्निर्देशन परीक्षण (DART) मिशन को इसरो द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. DART, 'गतिज प्रभाव' (Kinetic Impactor) का उपयोग करने वाली पहली ग्रह रक्षा प्रणाली है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. मानव पूंजी सूचकांक (Human Capital Index-HCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।
2. HCI, 2020 में भारत 116वें स्थान पर है।
3. HCI के अनुसार, मानव पूंजी में ज्ञान, कौशल और स्वास्थ्य शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

44. "ऑपरेशन मेघ चक्र" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बाल यौन शोषण सामग्री के प्रसार और उसे साझा करने के खिलाफ एक अखिल भारतीय अभियान है।
2. इसका संचालन राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45. डॉ. भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।
2. उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।
3. उन्होंने 'हिंदू महिलाओं का उदय और पतन' नामक पुस्तक लिखी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

46. 'कैपिटल पनिशमेंट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दंड संहिता, 1860 के तहत मृत्युदंड की अनुमति है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने जगमोहन सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य वर्ष1973 में कहा कि अनुच्छेद 21 के अनुसार जीवन से वंचित करना संवैधानिक रूप से स्वीकार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. गति शक्ति नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म बुनियादी ढाँचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना है तथा निष्पादन के लिये कई मंत्रालयों को समन्वय हेतु एकीकृत करेगा।
2. गति शक्ति योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजना में शामिल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

48. कभी-कभी समाचारों में देखी जाने वाली थमिराबरानी नदी निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

A. केरल

B. आंध्र प्रदेश

C. तमिलनाडु

D. ओडिशा

49. भारत के राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति को क्षमादान का अधिकार होगा।
2. राष्ट्रपति सरकार से स्वतंत्र होकर अपनी क्षमादान की शक्ति का प्रयोग कर सकता है।
3. राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति का दायरा राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक व्यापक होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

50. वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?

A. विश्व बैंक

B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

C. विश्व आर्थिक मंच

D. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन

51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. "जलदूत एप" को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।
2. ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) और महात्मा गांधी नरेगा दोनों भूजल डेटा का उपयोग कर सकते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'विश्व पर्यटन दिवस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्व पर्यटन दिवस, 2022 की थीम "पर्यटन पर पुनर्विचार" है।
   2. इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) कानूनों को अपनाने की वर्षगाँठ के रूप में मनाया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

53. "रेबीज़" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक ज़ूनोटिक रोग है।
   2. यह एक पागल जानवर की लार में मौजूद राइबोन्यूक्लिक एसिड (RNA) वायरस के कारण होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

54. संयुक्त समुद्री बल (CMF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक बहुराष्ट्रीय समुद्री साझेदारी है, जो नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था (RBIO) को बनाए रखने के लिए मौजूद है।
   2. इसकी कमान संयुक्त राष्ट्र की नौसेना के पास है
   3. भारत CMF का संस्थापक सदस्य है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

55. बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक मैन पोर्टेबल वायु रक्षा प्रणाली (MANPAD) है।
   2. यह कम दूरी के निम्न ऊँचाई वाले हवाई खतरों को निष्प्रभावी करने में सक्षम है।
   3. इसे DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 3
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. हृदय रोग (CVD) विकारों का एक समूह है जो हृदय और फेफड़ों से संबंधित होते हैं।
   2. हृदय रोग आमतौर पर धमनियों के भीतर वसा के संचय से संबंधित है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. ' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाओं को निर्धारित करता है।
2. इस अधिनियम में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं एवं विधानपरिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. दादा साहब फाल्के पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय फिल्म जगत में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है।
2. यह केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. "भगत सिंह" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने व्यापार विवाद विधेयक के खिलाफ केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका।
2. वह लाहौर षडयंत्र मामले, 1929 में मुख्य अपराधी थे।
3. उन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम बदलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) कर दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | अंतरिक्षयान/रोवर | ग्रह |
|---|---|---|
| 1. | क्यूरियोसिटी | मंगल ग्रह |
| 2. | कैसिनी | बुध |
| 3. | ज़ुरोंग | शुक्र |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक युग्म
B. केवल दो युग्म
C. केवल तीन युग्म
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

61. 'अविवाहित महिलाओं के गर्भपात' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. अविवाहित महिलाओं के गर्भपात पर रोक महिलाओं के शारीरिक स्वायत्तता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है।
2. 20 से 24 सप्ताह की गर्भवती अविवाहित महिलाओं को गर्भ का चिकित्सकीय समापन (MPT) अधिनियम, 1971 के तहत गर्भपात कराने की अनुमति है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA) के तहत किसी भी संगठन को गैरकानूनी घोषित करने की शक्ति रक्षा मंत्रालय के पास है।

2. UAPA अधिनियम सरकार को गैरकानूनी संगठन द्वारा धन के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिये अधिकृत करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

63. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PM-GKAY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अतिरिक्त 5 किलो अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराना है।

2. इस योजना के तहत वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के अनुसार मुफ्त राशन का लाभ उठाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

64. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक संगठन है।

2. इसका गठन जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया था।

3. राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (NAAQs) CPCB द्वारा अधिसूचित किये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन -से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

65. "भारत में अधिकरण" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिकरण, मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे।

2. अनुच्छेद 323A प्रशासनिक न्यायाधिकरणों से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन -सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## उत्तर भाग-2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. B | 2. B | 3. D | 4. D | 5. A |
| 6. B | 7. D | 8. B | 9. B | 10. C |
| 11. C | 12. A | 13. A | 14. B | 15. D |
| 16. D | 17. B | 18. B | 19. B | 20. A |
| 21. A | 22. B | 23. D | 24. C | 25. B |
| 26. B | 27. C | 28. C | 29. B | 30. C |
| 31. B | 32. B | 33. A | 34. B | 35. C |
| 36. C | 37. B | 38. A | 39. B | 40. C |
| 41. C | 42. B | 43. D | 44. A | 45. D |
| 46. C | 47. C | 48. C | 49. A | 50. D |
| 51. B | 52. C | 53. D | 54. B | 55. D |
| 56. B | 57. D | 58. A | 59. D | 60. A |
| 61. A | 62. B | 63. D | 64. D | 65. C |

दृष्टि The Vision

नोट :